आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 शनिवार 22.06.2024

मुख्य समाचारः—

1— केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने एनटीए की परीक्षाओं को पारदर्शी, सुचारू और निष्पक्ष संचालन सुनिश्चित करने के लिए एक उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया।

2— प्रदेश में माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाएं अब साल में दो बार होंगी—द्वितीय मुख्य परीक्षा के लिए आवेदन जमा करने की प्रक्रिया शुरू।

3— नई दिल्ली में हुई बजट पूर्व बैठक में प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने केन्द्र से एनसीआर की तर्ज पर स्टेट कैपिटल रीजन के विकास के लिए आर्थिक सहायता देने का आग्रह किया।

4— आज कबीर जयंती पर हो रहे हैं अनेक कार्यक्रम—बस्तर में आज से गोंचा पर्व की शुरूआत हुई।

एनटीए—विशेषज्ञ समिति

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी—एनटीए की परीक्षाओं को पारदर्शी, सुचारू और निष्पक्ष संचालन सुनिश्चित करने के लिए एक उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया है। इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में सात सदस्यीय समिति को एनटीए की परीक्षा प्रक्रिया में सुधार की सिफारिश करने का काम सौंपा गया है। समिति को दो महीने के भीतर रिपोर्ट देने को कहा गया है।

इस बीच, केंद्र सरकार ने प्रतियोगी परीक्षाओं में कदाचार और अनियमितताओं पर अंकुश लगाने के लिए एक कड़ा कानून बनाया है। इसमें दोषियों को अधिकतम दस साल की सजा और एक करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। आधिकारिक गजट में प्रकाशित एक अधिसूचना में कार्मिक मंत्रालय ने कहा कि कानून के प्रावधान आज से लागू हो जाएंगे। संघ लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी—एनटीए, रेलवे भर्ती बोर्ड, बैंकिंग भर्ती परीक्षा निकायों और अन्य सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों को रोकने के लिए यह अधिनियम बनाया गया है।

इस बीच, इस वर्ष की संयुक्त सी.एस.आई.आर.—यूजीसी—नेट परीक्षा अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण स्थगित कर दी गई है। यह परीक्षा मंगलवार से बृहस्पतिवार के बीच होनी थी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी—एनटीए ने कहा कि इसके आयोजन के लिए संशोधित कार्यक्रम आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से बाद में घोषित किया जाएगा।

माशिमं—बोर्ड परीक्षा

प्रदेश में माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाएं अब साल में दो बार होंगी। मंडल ने हाईस्कूल—हायर सेकेंडरी की द्वितीय मुख्य परीक्षा के लिए फॉर्म भरने की तिथि जारी कर दी है। इसमें वे सभी विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं, जो प्रथम मुख्य परीक्षा में पंजीकृत हैं। वहीं, ऐसे सभी विद्यार्थी जो पूरक, अनुत्तीर्ण या उत्तीर्ण हैं वे भी श्रेणी सुधार के लिए द्वितीय मुख्य परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। द्वितीय मुख्य परीक्षा के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है, जो तीस जून तक चलेगी। वहीं, विलम्ब शुल्क के साथ एक और दो जुलाई को आवेदन जमा किए जा सकते हैं। नियमित परीक्षार्थी अपने विद्यालय से तथा अवसर परीक्षार्थी समन्वय संस्थाओं के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा संबंधी जानकारी मंडल की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

राज्यपाल—मुख्यमंत्री मुलाकात

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजभवन में सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को सरकार की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। साथ ही राज्य की वर्तमान स्थिति, किसानों को खरीफ फसल के लिए उपलब्ध कराए जा रहे खाद और बीज तथा प्रदेश में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया। इस अवसर पर समसामयिक विषयों पर भी चर्चा हुई।

बजट पूर्व बैठक—ओपी चौधरी

केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में नई दिल्ली में आयोजित बजट पूर्व बैठक में छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी भी शामिल हुए। इस दौरान श्री चौधरी ने केन्द्र से एनसीआर की तर्ज पर स्टेट कैपिटल रीजन के विकास के लिए आर्थिक सहायता देने का आग्रह किया। बैठक में उन्होंने राज्यों को विशेष सहायता की राशि, प्रदेश में रेल नेटवर्क के विस्तार सहित कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव और सुझाव दिए। बैठक में श्री चौधरी ने छत्तीसगढ़ की नई राजधानी को सूचना प्रौद्योगिकी, वित्त, बैंकिंग और ग्रीन एनर्जी के हब के रूप में विकसित करने के लिए बजट में पर्याप्त आर्थिक सहायता प्रदान करने का आग्रह किया।

केंद्रीय राज्यमंत्री–बिल्हा

केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा है कि डबल इंजन की सरकार में छत्तीसगढ़ का तेजी से विकास होगा। केंद्रीय राज्यमंत्री बनने के बाद श्री साहू पहली बार बिल्हा नगर पंचायत पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राज्य बनने के बाद पहली बार प्रदेश के किसी सांसद को शहरी विकास मंत्रालय का प्रभार मिला है। उन्होंने उम्मीद जताई कि केंद्र से नगरीय निकायों को भरपूर राशि मिलेगी और विकास कार्यों में तेजी आएगी। इस अवसर पर बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक भी उपस्थित थे।

न्यायाधीश–तबादला

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल ने न्यायाधीशों का तबादला आदेश जारी किया है। इसके तहत चार जिलों के जिला और सत्र न्यायाधीश तथा आठ अपर जिला और सत्र न्यायाधीशों का स्थानांतरण किया गया है। साथ ही हाईकोर्ट स्थापना के न्यायाधीश का भी तबादला किया गया है। तबादला सूची के अनुसार न्यायाधीश प्रज्ञा पचौरी को दुर्ग, जितेंद्र कुमार को रायगढ़, मोहम्मद रिजवान खान को कोरिया और श्यामलाल नवरतन को बालोद जिले का प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।

बलौदाबाजार घटना–भूपेश बघेल

गिरौदपुरी में जैतखंभ के क्षतिग्रस्त होने के बाद बलौदाबाजार कलेक्टोरेट में हुई आगजनी मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पुलिस पर निर्दोष लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने का आरोप लगाया है। रायपुर में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए श्री बघेल ने कहा कि इस मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों पर पुलिस दबाव बनाकर गलत ढंग से कार्रवाई करने की कोशिश कर रही है।

बलौदाबाजार–धारा 144

राज्य के बलौदाबाजार जिले में लागू धारा–एक सौ चवालीस का दायरा सीमित कर दिया गया है। अब केवल बलौदाबाजार नगर की कम्पोजिट बिल्डिंग के सौ मीटर दायरे तक ही धारा–एक सौ चवालीस लागू रहेगी। हालांकि, नगर के शासकीय कार्यालयों के आसपास प्रदर्शन, सभा, रैली, जुलूस और नारेबाजी पर पूरी तरह से प्रतिबंध फिलहाल बरकरार रहेगा। जिला कलेक्टर ने आज इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है।

गौरतलब है कि बीते दस जून को नगर में विरोध प्रदर्शन के दौरान कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आगजनी की घटना के बाद धारा–एक सौ चवालीस लागू की गई थी।

कबीर जयंती

आज कबीर जयंती है। इस मौके पर प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। राजधानी रायपुर सहित अन्य जगहों पर भी आज कबीर पंथ के लोगों ने रैलियां निकालीं।

इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि कबीर साहेब न सिर्फ एक आध्यात्मिक संत थे, बल्कि वे एक समाज सुधारक और युग–प्रवर्तक भी थे। कबीर साहेब ने अपने दोहों और भजनों के माध्यम से समाज को एकता, प्रेम और सद्भाव का संदेश दिया।

वहीं, राज्य सरकार ने कबीर जयंती के अवसर पर आज पूरे प्रदेश में ड्राई डे घोषित किया है। इस दौरान सभी सरकारी शराब दुकानें बंद हैं। होटल बार और अन्य जगहों पर भी शराब बेचने और परोसने की मनाही है।

बस्तर–गोंचा पर्व

बस्तर में आज से गोंचा पर्व की शुरूआत हो गई है। इस पर्व के दौरान जगदलपुर के जगन्नाथ मंदिर में चंदन जात्रा विधान किया गया और देव विग्रहों को चंदन से स्नान कराया गया। इस दौरान भगवान के स्नान के लिए इंद्रावती नदी के महादेवघाट से पवित्र जल लाने की परंपरा निभाई गई। मान्यता के अनुसार देवस्नान जात्रा पूजा विधान के बाद भगवान जगन्नाथ अस्वस्थ हो जाते हैं। इसे अनसरकाल कहा जाता है और इस दौरान कल से लेकर पांच जुलाई तक भगवान जगन्नाथ के दर्शन नहीं होंगे।

दुर्ग स्थित भगवान जगन्नाथ स्वामी मंदिर में भी आज भगवान जगन्नाथ के स्नान यात्रा की रस्म निभाई गई। मंदिर के पुजारी तुषार कांति महापात्र ने बताया कि नव यौवन दर्शन और नेत्रोत्सव के बाद भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली जाएगी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गोंचा पर्व की शुरुआत पर बस्तर सहित सभी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कामना की है कि महाप्रभु जगन्नाथ की कृपा सब पर सदैव बनी रहे।

## टैक्स चोरी–कार्रवाई

केंद्रीय जीएसटी विंग ने फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट मामले में कार्रवाई करते हुए रायपुर में एक संस्थान के संचालक को गिरफ्तार किया है। संस्थान संचालक पर फर्जी फर्मों से पांच करोड़ तिहत्तर लाख रुपये का इनपुट टैक्स क्रेडिट लेने का आरोप है। आरोपी को गिरफ्तार कर सीजेएम अदालत में पेश किया गया, जहां अदालत ने आरोपी की न्यायिक हिरासत को मंजूरी दे दी।

## एसीबी–छापा

एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी की टीम ने अंबिकापुर में एसडीएम सहित चार कर्मचारियों को रिश्वत लेते हुए रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। प्रार्थी के अनुसार उसकी पुस्तैनी जमीन का राजस्व रिकॉर्ड दुरूस्त करने के नाम पर उदयपुर के एसडीएम ने पचास हजार रूपये की रिश्वत मांगी थी। शिकायत मिलने पर एसीबी की टीम ने कार्रवाई कर आरोपियों को रंगेहाथों पकड़ लिया।

वहीं, रायगढ़ एसडीएम ने शासकीय कार्य में भूमि स्वामी से गलत तरीके से राशि मांगने का मामला संज्ञान में आने के बाद गोपालपुर की पटवारी को निलंबित कर दिया है।

## अदाणी पॉवर लिमिटेड–जनसुनवाई

पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा रायपुर जिले के तिल्दा ब्लॉक में अदाणी पॉवर लिमिटेड के प्रस्तावित सोलह सौ मेगावाट इकाई के विस्तार के लिए आज जनसुनवाई आयोजित की गई। इस जनसुनवाई में तिल्दा तहसील के रायखेड़ा, भाटपारा, चिचोली, गैतरा, ताराशिव, बहेसर, छतौद, खमरिया सहित चौदह गांवों के ग्रामीण शामिल हुए। इस अवसर पर ग्रामीणों को परियाजना के बारे में जानकारी दी गई।

## हल्बी/गोण्डी–समाचार बुलेटिन

कल रविवार को ''हल्बी'' और ''गोण्डी'' बोली में समाचार बुलेटिन प्रसारित किए जाएंगे। ये दोनों बुलेटिन आकाशवाणी केन्द्र, जगदलपुर से प्रसारित किए जाएंगे। इन्हें बस्तर संभाग में सुना जा सकेगा। हल्बी में समाचार बुलेटिन सुबह साढ़े सात बजे से और गोण्डी में समाचार बुलेटिन शाम साढ़े छह बजे से प्रसारित किया जाएगा।

## जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में ''जांजगीर–चांपा'' जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## मौसम

दक्षिण–पश्चिम मानसून सरगुजा संभाग को छोड़कर राज्य के बाकी चार संभागों में पूरी तरह सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले तीन से चार दिनों में मानसून के अन्य जगहों पर भी सक्रिय होने की संभावना है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना व्यक्त की है। वहीं, एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने और अंधड़ चलने की चेतावनी भी दी है।

इस बीच, गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले के मझगवां गांव में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई है। जबकि, दो अन्य युवक झुलस गए हैं। बताया जाता है कि तीनों युवक बारिश से बचने के लिए पेड़ के नीचे खड़े हुए थे, तभी आकाशीय बिजली गिर गई।

## संक्षिप्त समाचार

– छत्तीसगढ़ और ओडिशा सब एरिया की स्थापना दिवस के मौके पर आज रायपुर के कोटा में पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों के लिए नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

– रायपुर जिले में ''नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान'' शुरू किया जाएगा। इसके तहत महिला समूहों द्वारा गांव–गांव में जल संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>